नईदुनिया

भिंड-दतिया के पढ़े-लिखे छात्र चला रहे थे नकली नोट का कारोबार, झांसी में मशीन के साथ पकड़ा

झांसी पुलिस ने नकली नोट चलाने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें भिंड और दतिया के दो-दो युवक शामिल हैं। इनसे ढाई लाख रुपये के 500-500 के नकली नोट और नोट छापने वाली मशीन भी जब्त की है।

ग्वालियर/झांसी। झांसी पुलिस ने नकली नोट चलाने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें भिंड और दतिया के दो-दो युवक शामिल हैं। इनसे ढाई लाख रुपये के 500-500 के नकली नोट और नोट छापने वाली मशीन भी जब्त की है। पिछले दो माह में वे ग्वालियर चंबल अचंल सहित अन्य जिलों में अब तक लाखों रुपये के नकली नोट खपा चुके थे। गिरोह के सरगना के पिता और भाई मध्य प्रदेश पुलिस में ग्वालियर व शिवपुरी में पदस्थ हैं।

झांसी एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक सीपरी बाजार थाना पुलिस व स्वाट टीम ने मुखबिर की सूचना पर कानपुर हाइवे पर स्थित बूढ़ा गांव के पास चेकिंग के दौरान दो स्कूटी पर सवार चार युवकों को पकड़ा। इनमें भिंड जिले के लहार निवासी 27 वर्षीय पंकज कुमार मल्होत्रा, 22 वर्षीय आशिक उर्फ आशीष जाटव निवासी सरी, दतिया के ग्राम बरचोरी निवासी 30 वर्षीय मनीष जाटव एवं भांडेर निवासी 21 वर्षीय कमलकांत शिवहरे शामिल हैं। इनसे ढाई लाख रुपये के नकली नोट, प्रिंटर, ए-4 साइज के पेपर, कुछ अधछपे नोट, ब्लेड कटर, हरे रंग की टेप, कैंची बरामद की। सरगना पंकज बीएससी पास है। पिता सुरेश कुमार मल्होत्रा ग्वालियर में हवलदार और भाई शिवपुरी में आरक्षक है। वह बिल्डिंग मटेरियल की शॉप चलाता था। घाटा हुआ तो अपराध का रास्ता चुना। कमलकांत भी बीएससी कर रहा है। पुलिस पूछताछ कर रही रही है।

Source: https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/gwalior-mp-news-educated-students-of-bhinddatia-were-running-fake-currency-business-caught-with-machine-in-jhansi-8309907